NICT/July/2014/005

NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

सरोकार

'सरोकार' शब्द का उपयोग प्रायः सम्बन्ध और प्रयोजन के अर्थ में किया जाता है, जो कि बहुजन हिताय पर आधारित होता है। एनआईसीटी अपने बढ़ते प्रयासों में, ऐसी बातों पर जोर देता जा रहा है, जो सुदूर ग्रामीण आँचल के प्रत्येक तबके को जागरूक बनाये और लाभ पहुँचाये।

हमारा 'सरोकार' उन तमाम वर्ग के लोगों से है जो उदारीकरण और भूमंडलीकरण के इस दौर में तेजी से संपन्न होने के लिये चल पड़े हैं। हमारा प्रयास इस वर्ग के लोगों के सपनों को उड़ान देना है, ताकि अनेकता में एकता को पूर्णरूप से हासिल किया जा सके।

एनआईसीटी द्वारा बैंकिंग, इंश्योरेंस, ब्रोकिंग, पेन कार्ड, प्रेन कार्ड, रेल टिकिटिंग जैसी तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जससें हम अब तक लगभग 40 लाख लोगों से जुड़ चुके है, जो हमारे 'सरोकार' को सकारात्मक संबंध के साथ सफल बनाता है।

हमारा ध्येय हमारे ''सरोकार'' में निहित है, जिसे हम निरंतर बनाये रखेगें।

असम

दिनांक 28 जुलाई 2014 को जोरहट में सीएसपी (Code- 1A760499) का शुभारम्भ किया गया। जिसके संचालक श्री बरनाली दास हैं।

राजस्थान

दिनांक 25 जुलाई 2014 को एनआईसीटी के जयपुर कार्यालय में बीडीएम के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पश्चिम बंगाल

दिनांक 05 अगस्त 2014 को 24, परगानस (जिला) में एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया जाना है। इस एसडीपी (Code : WB- 095337-524) के संचालक श्री सुरजीत देवनाथ रहेगें।

दिनांक 26 जुलाई 2014 को एनआईसीटी के क्षेत्रीय चैनल पार्टनर के कार्यालय में एसडीपी के लिये प्रशिक्षण हेतू बैठक आयोजित की गयी।

पंजाब

दिनांक 27 जुलाई 2014 को लुधियाना कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीपी और एसडीपी ने डाक्यूमेन्ट से संबंधित जानकारी दी व पहले से आ रही समस्याओं का समाधान किया, साथ ही साथ तकनीकि जानकारी भी दी गयी।

गुजरात

दिनांक 27 जुलाई 2014 को एनआईसीटी द्वारा राजकोट में एसडीपी के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आरबीओ (क्षेत्रीय कार्यालय) के मुख्य प्रबंधक, एनआईसीटी के चैनल पार्टनर व डोमेन हेड उपस्थित रहे। उपस्थित एसडीपी ने अपनी समस्याओं को रखा व तकनीकि जानकारी प्राप्त की।

उत्तराखण्ड

दिनांक 27 जुलाई 2014 को जिला चामोली के स्थान केदारनाथ रोड़ पर एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन एसबीआई के शाखा प्रबंधक श्री कुलदीप कुमार द्वारा किया गया।

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

कर्नाटक

दिनांक 28 जुलाई 2014 को बंगलोर कार्यालय में चैनल पार्टनर के प्रशिक्षण के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यो की समीक्षा के साथ–साथ सर्विस शोपी, आई.आर.सी.टी.सी., पेन कार्ड व कियोस्क बैंकिंग की बारीकियों से अवगत कराया गया।

इस कार्यशाला में श्री के. बी. भास्करया (बैंकिंग सलाहकार, एनआईसीटी), पल्लवी जी (प्रोडक्ट प्रशिक्षक, कोटक महिन्द्रा), श्री रघुनन्दन दास (बीडीएम, एनआईसीटी) आदि ने संबंधित विषयों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन स्टेट मैनेजर श्री अर्जुन सिंह चौहान द्वारा किया गया।

दिनांक 01 अगस्त 2014 को ग्राम बानाहट्टी, जिला बगलकोट में एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरूवात की गयी। इस कियोस्क के संचालक श्री नरेन्द्र आपटे है।

उत्तर प्रदेश

दिनांक 22 जुलाई 2014 को लखनऊ में चैनल पार्टनर के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 21 जिलो से चैनल पार्टनर शामिल हुये व जिनको इंदौर मुख्य कार्यालय से आये विभाग प्रमुख द्वारा समस्याओं का निराकरण किया गया। चैनल पार्टनरों को कियोस्क बैंकिंग, ब्रोकिंग, इन्श्योरेन्स, आईआरसीटीसी जैसी सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गयी।